त्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आचार्य नरेन्द्र देव को श्रद्धाजंलि अर्पित की

लखनऊ 31 अक्टूबर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती के अवसर पर उनकी समाधि स्थल में पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि आज सरदार पटेल की जयंती है तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि भी है। हमें उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए।

राज्यपाल ने श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे महान शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी और साहित्यकार थे। आचार्य नरेन्द्र देव लखनऊ विश्वविद्यालय और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति रहे और अपने वेतन का बड़ा हिस्सा निर्धन एवं मेधावी विद्यार्थियों के हित के लिये खर्च करते थे। उन्होंने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव ने अपनी विद्वता और उदारता का जो अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है उससे युवा पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त करती रहेगी।

श्री नाईक ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव शिक्षा को जीवन के लिये बहुत जरूरी समझते थे। उन्होंने न केवल भारतीय परम्पराओं की आधार भूमि तैयार की बल्कि उन्हें वर्तमान युग की आवश्यकताओं के साथ जोड़ने का भी कार्य किया। आचार्य नरेन्द्र देव का जीवन सरल और सादगी पूर्ण था। आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी विचारधारा के साथ-साथ पुरातन भारतीय संस्कृति की विशेषता के पक्षधर थे। उन्होंने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव ने स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

इस अवसर पर श्री उदय खत्री, प्रो0 उमेश चन्द्र वशिष्ठ, श्री सुरेन्द्र विक्रम सिंह, श्री विनोद शंकर चैबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक व स्कूली बच्चे भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (416/41)